NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH
Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 197/NCRES/20 Date : 5.10.2020

श्रीमान मुख्य कार्मिक अधिकारी (आई.आर)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– NCRES PNM मद संख्या 5/9/2014 एवं 10/5/2018 को अगली PNM बैठक के एजेण्डे में शामिल किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 23/24 जनवरी 2019 के PNM बैठक में मद संख्या 5/9/2014 पर चर्चा के बाद निर्णय हुआ था कि प्रयागराज और आगरा मंडल के सहायक अभियन्ता के क्षेत्र में सर्विस बिल्डिंग, अधिकारी आवास और कर्मचारी आवास के रख–रखाव के लिये अलग–अलग प्रावधान किया जायेगा। यह भी निर्णय हुआ था कि इंस्टीट्यूट और क्लब सर्विस बिल्डिंग के वर्ग में रखा जायेगा और मद समाप्त कर दिया गया था।

खेद के साथ अवगत कराना है कि NCRES के बार–बार पत्र लिखने के बाद भी 23/24 जनवरी 2019 को हुये निर्णय का क्रियानवयन आज तक नही हुआ। अतः अनुरोध है कि PNM मद संख्या 5/9/2014 को अगली PNM बैठक के एजेण्डे में सम्मलित कर लिया जाय।

इसी प्रकार दिनांक 4/5 जुलाई 2018 की PNM बैठक में मद संख्या 10/5/2018 पर हुये निर्णय के अनुसार हेडक्वाटर ने अपने पत्र संख्या 797–ई/एन.सी.आर./पे बिल/पोशाक भत्ता दिनांक 12.10.2018 द्वारा तीनों मंडल एवं मुख्य कारखाना प्रबन्धक, झांसी व सिथौली को निर्देश जारी किया कि रेलवे बोर्ड के आदेश RBE No. 141/2017 के अनुसार पात्र कर्मचारियों को जुलाई 2017 से ड्यू वर्दी एलाउन्स का भुगतान किया जाय लेकिन पात्र कर्मचारियों को 1.7.2017 के बजाए 1.7.2018 से ड्रेस एलाउन्स का भुगतान किया गया। NCRES के बार–बार अनुरोध करने के बाद भी वर्ष 2017 के ड्रेस एलाउन्स का भुगतान नही किया गया।

अतः अनुरोध है कि PNM मद संख्या 5/9/2014 एवं 10/5/2018 को अगली PNM बैठक के एजेण्डे में शामिल कर लिया जाए।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री